# बिहार-विधान-सभा वाद-वृत्त

( भाग-१ कार्यवाही प्रश्नोत्तर )।

शुक्रवार, तिथि ३ जुलाई, १९८१ ई०।

## विषय-सूची

पृष्ठ

प्रश्नों के मौखिक उत्तर :—

तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या—७०२, ७०३, ७०४, ७०५, ७०६, ७०७, ७०८, ७०९, ७१०, ७११, ७१२, ७१३, ७१४, ७१५, ७१६, ७२९, ७८१ एवं ८३७। .... २-२९

परिशिष्ट-(प्रश्नों के लिखित उत्तर ) :— .... .... ३०-१०२

दैनिक निबंध .... .... १०३-१०४

टिप्पणी—किन्हीं माननीय मंत्रियों एवं सदस्यों से उनके भाषण के संशोधन प्राप्त नहीं हुए हैं।

७-श्री नरेन्द्र कुमार सिंह

८-श्री विनोद कुमार

९-श्री मुरारी प्र० सिंह

१०-श्री विरेन्द्र प्र० सिंह

११-श्री किरण कुमार

१२-श्री ज्योति कुमार

१३-श्री रामजानकी सेवाईत श्री हरगोविन्द प्र० सिंह

उक्त दावा के संबंध में छानबीन की जा रही है ।

---

## कटाव पिड़ीत परिवारों को बसाना

७२१. श्री उपेन्द्र प्र० वर्मा—क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के जमालपुर प्रखंड के कटावग्रस्त गाँव नजीरा, कल्याण टोला तथा झरकहवा एवं बंगाली टोला के लोगों को बसाने हेतु अभीतक भूमि अर्जित नहीं की गयी है;

(२) यदि खंड-१ का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कटाव पीड़ित परिवारों को बसाने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री घनश्याम सिंह—(१) जमालपुर प्रखंड के कटावग्रस्त गाँव नजीरा, कल्याण टोला, तथा झरकहवा के लोगों के बसाने के लिये भू-अर्जन की कारंवाई की जा रही है।

बंगाली टोला कटावग्रस्त नहीं है। इसके लिए जमीन अर्जन करने का प्रश्न ही नहीं है।

(२) कटाव पीड़ित परिवारों को बसाने की कारंवाई की जा रही है।

---

## स्वीकृत राशि एवं कार्य की शुरुआत

७२२. श्री उपेन्द्र प्रसाद वर्मा—क्या मंत्री, सिंचाई विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि मुंगेर जिला के डकरा नाला सिंचाई तोजना फेज २-का कार्य हेतु स्वीकृत राशि क्या है एवं उक्त कार्य कब से शुरु करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ?